
# नई तकनीकों का रोडमैप है बजट

## केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री ने उद्योग संवाद कार्यक्रम में कहा

**जबलपुर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया केंद्रीय बजट पूरी तरह से सर्वसमावेशी है. यह बजट देश की जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है, यह बजट विकसित भारत का रोडमैप प्रस्तुत करेगा.**

यह बजट प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप देश की आर्थिक मजबूती, अधोसंरचना विस्तार और भविष्य की तकनीकों का रोडमैप करने वाला है. यह सारी बातें केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने बजट 2026 पर व्यापारी एवं उद्योग संवाद कार्यक्रम में भाजपा कार्यालय रानीताल में कही. कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने की. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अभिलाष पांडे, व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, पूर्व महापौर प्रभात साहू, महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल मंचासीन थे.



**सबका साथ सबका विकास वाला बजट है...**

केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा केंद्र सरकार का यह बजट ''सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को धरातल पर उतारने वाले बजट है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हर परिवार, हर समाज और हर वर्ग के लिए संसाधनों और अवसरों का प्रावधान किया है. केंद्र सरकार ने बजट में टैक्सटाइल से लेकर, कृषि, सेवा और शिक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों के लिए तो बड़ी घोषणाएं की हैं.

## खड़िया में डोजर मशीन में लगी आग

**शक्तिनगर 8 फरवरी. एनसीएल परियोजना खड़िया के खदान में गत दिवस की रात डोजर मशीन में आग लग गई. जहां देखते ही देखते आग इतनी बेकाबू हुई की उस पर काबू पाने के लिए फायरबिग्रेड को काफी मशक्कत करनी पड़ी.वहीं हादसे में चालक भी झुलस गया है.**

एनसीएल की खड़िया परियोजना में गत दिवस की रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब खदान के अंदर कार्यरत एक डोजर मशीन में अचानक भीषण आग लग गई. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी मशीन जलकर खाक हो गई. प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस हादसे में एनसीएल को 50 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है.

## फिल्म अभिनेत्रियों ने किए भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन



उज्जैन, 08 फरवरी. प्रसिद्ध फिल्म एवं टीवी सिरियल निर्माता एकता कपूर एवं फिल्म अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल, नीलम कोठारी, विद्या मालवदे, सीमा किरण सचदेव एवं पूजा ने भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन लाभ लिए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा सभी अभिनेत्रियों का स्वागत एवं सत्कार किया गया.

# भाजपा ने की जिला प्रभारियों की नियुक्ति

**ग्वालियर. मध्य प्रदेश भाजपा ने संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से ग्वालियर चंबल अंचल के सभी जिलों में जिला प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है. प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी सूची के अनुसार विभिन्न जिलों में वरिष्ठ नेताओं को प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है.**

भाजपा संगठन के अनुसार, जिला प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों की निगरानी, कार्यकर्ताओं से समन्वय और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की तैयारी को मजबूती देंगे. इसके साथ ही सरकार की योजनाओं और संगठनात्मक अभियानों को ज़मीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की जिम्मेदारी भी जिला प्रभारियों की होगी. पार्टी नेतृत्व का मानना है कि इन नियुक्तियों से जिलों में संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा और आगामी चुनावी तैयारियों को गति मिलेगी. मुरैना- राजू बाथम, भिंड- हमीर सिंह पटेल, दतिया- गजेंद्र सिकरवार, ग्वालियर नगर- गोपीकृष्ण नेमा, ग्वालियर ग्रामीण-गोपाल आचार्य, श्योपुर- कमल माखीजानी, शिवपुरी- डॉ. नंदकिशोर नापित, गुना- राजेंद्र राजपूत, अशोकनगर में शैलेन्द्र जैन जिला प्रभारी बनाए गए हैं.



# वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

**शिवपुरी. जिले के तेंदुआ थाना सीमा में एक पिता-पुत्र की रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई. पिता पुत्र कोलारस से लौट रहे थे, तभी पीछे से नेशनल हाईवे 27 पर किसी बड़े वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे इस दोनो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई.**

घटना के बाद वाहन चालक मौके पर नहीं रुका और इन दोनों को घायल अवस्था में छोड़कर भाग गया. ग्राम अटारा गांव में निवास करने वाले राजकुमार धाकड उम्र 33 साल अपने 9 साल के पुत्र अखिलेश धाकड़ के साथ बाइक से कोलारस में अपने किसी रिश्तेदार के यहां गए थे. यह दोनों पिता पुत्र अपने घर वापस लौट रहे थे. झांसी कोटा नेशनल हाईवे 27 पर स्थित डेहरबारा गांव के समीप यह दोनों पहुंचे थे तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी.

इस टक्कर से बाइक सैकड़ों मीटर घिसटती चली गई,और बाइक पर बैठे पिता पुत्र बुरी तरह घायल हो गए. टक्कर इतनी भीषण थी कि पिता-पुत्र दोनों उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर चोटें आने के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया. राहगीरों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची.

# क्राइम ब्रांच ने की 11 लाख की ड्रग्स जब्त

**क्षेत्र से ब्राउन शुगर तस्कर गिरफ्तार**

**इंदौर. क्राइम ब्रांच ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए रेलवे मालगोदाम, लक्ष्मीबाई नगर क्षेत्र से ब्राउन शुगर के साथ एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है.**

आरोपी के कब्जे से 102.76 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन जब्त किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 11 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है.

डीसीपी क्राईम राजेश त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस की टीम शहर में संदिग्धों की तलाश और चेकिंग कर रही थी. इसी दौरान रेलवे मालगोदाम क्षेत्र में खड़ी मालगाड़ियों के बीच से एक युवक आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा.



पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम चिंटू उर्फ चिंट्टी वर्मा, निवासी भागीरथपुरा, इंदौर बताया. संदेह के आधार पर उसकी विधिवत तलाशी ली गई,

जिसमें उसकी जेब से 102.76 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुई. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह सस्ते दामों में ब्राउन शुगर खरीदकर नशे के आदी लोगों को महंगे दामों पर बेचता था. आरोपी रेलवे में मालगाड़ियों की सफाई का काम करता है और पांचवीं कक्षा तक पढ़ा हुआ है. पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार उस पर पहले से 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें 5 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित हैं. आरोपी के खिलाफ क्राइम ब्रांच थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है.

## एक नजर में



### समारोह में 20 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद

**मुरैना.** जिले में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल करहधाम आज पूरी तरह रामभक्ति में डूबा है. चारों ओर रामनाम की गूंज सुनाई दे रही है और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ यहां पहुंच रही है. अंचल के विख्यात संत बाबा पटिया वाले रामरतनदास महाराज की 68वीं पुण्य स्मृति के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजनों का सिलसिला चल रहा है. आज रविवार को उनकी बरसी मनाई जा रही, जिसमें 15 से 20 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है. देश के विभिन्न राज्यों से शिष्य और अनुयायी करहधाम पहुंचकर रामनाम का जाप कर एवं प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ ले रहे हैं. इस दौरान लगातार रामनाम की धुन चल रही है. साथ ही वेद, पुराण, भागवत, गीता पाठ और यज्ञ जैसे बड़े धार्मिक आयोजन भी हो रहे हैं. धर्मलाभ लेने पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए करहधाम में विशाल प्रसादी व्यवस्था की गई है. बालभोग के बाद दोपहर 2 बजे से रात 12 बजे तक लगातार प्रसादी वितरण किया जा रहा है. इस कार्य में 2 हजार से अधिक हलवाई और कारीगर जुटे हुए हैं

### रिसोर्ट में लाइव शो के दौरान गायक पर हमला

**इंदौर.** लसूडिया थाना क्षेत्र में देर रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब लसूडिया बायपास स्थित द एस्केप वर्ल्ड रिसोर्ट में चल रहे सिंगिंग प्रोग्राम के दौरान कुछ शराबी युवकों ने गायक निलेश पर हमला कर दिया. आरोपियों ने न सिर्फ मंच पर गायक से मारपीट की, बल्कि बीच-बचाव करने पहुंचे रिसोर्ट मैनेजर और स्टाफ के साथ भी बदसलूकी की. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार्यक्रम के दौरान कुछ युवक शराब के नशे में पहुंचे और गाना बंद करने का दबाव बनाने लगे. निलेश के अनदेखा करने पर एक युवक ने माइक छीनकर उन्हें थप्पड़ जड़ दिया. जब गायक ने अपना बचाव करते हुए उसे धक्का दिया तो उसके साथी भी विवाद पर उतर आए और हमला कर दिया. हंगामा बढ़ता देख रिसोर्ट के मैनेजर और कर्मचारी निलेश को बचाने पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उनसे भी बदतमीजी करते हुए धमकियां देना शुरू कर दिया. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, मगर युवक कार लेकर वहां से निकल गए. बताया जा रहा है कि पुलिस के सामने भी आरोपी युवक खुद को रसूखदार बताते रहे और बीजेपी के एक मंत्री का नाम लेकर धमकाते रहे. सभी युवक कार नम्बर एमपी 09 एएस 4537 से आए थे, जिस पर बीजेपी सरपंच, ग्राम पंचायत मण्डलावदा लिखा हुआ था. घटना के बाद गायक निलेश ने लसूडिया थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, पुलिस का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी.

### संबल योजना में तीन करोड़ का भ्रष्टाचार

**भिंड.** संबल योजना और कर्मकार मंडल में हुए करीब तीन करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इस प्रकरण में अब तक कुल छह आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है.नगर पालिका भिंड में संबल योजना में हुए भ्रष्टाचार की जांच की जा रही है. विवेचना के दौरान सामने आया कि आरोपितों ने पहले से गिरफ्तार मुख्य आरोपित के साथ मिलकर हितग्राहियों की जगह अपने और अपने स्वजन के बैंक खाते लगाकर योजना की राशि हड़प ली. पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि तीनों आरोपितों ने अपने और स्वजन के खातों में करीब 56 लाख रुपये ट्रांसफर कराए. इनमें से 17 लाख रुपये मुख्य आरोपित को दिए जाने की जानकारी सामने आई है. जबकि शेष राशि आरोपियों ने स्वयं उपयोग कर ली. पुलिस ने इस मामले में 30 वर्षीय जितेंद्र पुत्र आज्ञाराम वर्मा निवासी गांधीनगर भिंड, 59 वर्षीय संतोष पुत्र राम सहाय शाक्य और 47 वर्षीय मंजू पत्नी पुजारी लाल अर्गल निवासी दर्पण कॉलोनी को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपितों के कब्जे से एक प्लॉट की रजिस्ट्री भी जब्त की गई है.



# न्यायिक अधिकारियों का 40 घंटे का प्रशिक्षण शिविर

**ग्वालियर. मीडिएशन एवं कॉन्सीलेशन प्रोजेक्ट कमेटी, नई दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में ग्वालियर में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज हुआ.**


होटल आदित्याज में आयोजित इस 40 घंटे के मीडिएशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार ग्वालियर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललित किशोर द्वारा किया गया. उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ललित किशोर ने मध्यस्थता की महत्ता पर प्रकाश डाला. इस पांच दिवसीय सघन प्रशिक्षण शिविर में ग्वालियर चंबल संभाग सहित विभिन्न क्षेत्रों के न्यायिक अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं.

# संजय टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की जिप्सी के आगे बैठ गया बाघ

## मॉर्निंग सफारी के दौरान पर्यटकों ने कैमरे में कैद किया दुर्लभ नजारा

**सीधी,08 फरवरी. जिले के संजय टाइगर रिजर्व में रविवार सुबह मॉर्निंग सफारी के दौरान एक बाघ सड़क के बीचो-बीच बैठा दिखा. इससे पर्यटकों की जिप्सी कुछ देर के लिए रुक गई.**

बाघ काफी देर तक वहीं बैठा रहा, जिसके कारण जिप्सियों को पीछे हटकर वैकल्पिक मार्ग से जाना पड़ा. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाघ सूखी झाड़ियों से निकलकर अचानक सड़क पर आया और आराम से बैठ गया. पर्यटकों ने सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए इस दृश्य को अपने कैमरों में कैद किया. यह नजारा वन्यजीव प्रेमियों के लिए यादगार रहा. मौके पर मौजूद पर्यटक राजाराम ने बताया कि यह अनुभव रविवार सुबह करीब 7 बजे हुआ.



उन्होंने कहा कि संजय टाइगर रिजर्व में बाघों को इतने करीब से देखना सौभाग्य की बात है. यहां की हरियाली और वन्यजीवों की सहज मौजूदगी पर्यटकों को आकर्षित करती है.

**इनका कहना है**

यहां के बाघ पर्यटकों की मौजूदगी के आदी हो चुके हैं और शांत स्वभाव के हैं. जिप्सियों के पास से गुजरते हैं और हमला नहीं करते. उन्होंने पर्यटकों से सतर्कता बरतने, छेड़छाड़ न करने, शोर न मचाने और चुपचाप बाघों को देखकर आगे बढ़ने की अपील की, ताकि बाघों और पर्यटकों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके.

**राजेश कन्ना टी,** डीएफओ संजय टाईगर रिजर्व सीधी

# गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर राजेन्द्र दास महाराज करेंगे कथा

**रीवा, 8 फरवरी, बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 से 14 फरवरी तक मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास महाराज गौ कथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर अपनी अमृतमयी वाणी से कथा करेंगे.**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आयोजन की तैयारियों के संबंध में बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि राजेन्द्र दास की कथा से गौ संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती को बल मिलेगा. गौ अभ्यारण्य परिसर में आयोजित होने वाली कथा अप्रतिम व भव्य होगी. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बैठक में निर्देश दिए कि महाराज जी एवं उनके साथ आने वाले संतों के रूकने की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं. बैठक व्यवस्था से लेकर पार्किंग तथा प्रसाद वितरण आदि की व्यवस्थाओं सहित प्रचार-प्रसार समिति आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें. श्री शुक्ल ने कहा कि इस कथा में सभी की सक्रिय भागीदारी रहे. कार्यक्रम स्थल में डॉक्टर्स की टीम की उपलब्धता एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं. आयोजन स्थल में बनने वाला प्रसाद में प्राकृतिक खेती से उत्पादित अन्न व सब्जी का ही उपयोग किया जायेगा. उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजन के संबंध में जिन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसका वह सजगता से निर्वहन करें. उल्लेखनीय है कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 से 14 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक महाराज श्री की कथा होगी. बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में द्वितीय चरण में दुधारू गौवंश संरक्षित किये जायेंगे उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बैठक में बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में द्वितीय चरण में दुधारू गौवंश के संरक्षण हेतु बनाये जाने वाले शेड व अन्य निर्माण कार्यों की कार्य योजना का अवलोकन किया.



उल्लेखनीय है कि गौवंश वन्य विहार से लगी 10 एकड़ भूमि में दुधारू गाय, बछड़ा व गर्भवती गायों के लिए शेड सहित भूसा शेड का निर्माण कार्य प्रस्तावित है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में बेसहारा गौवंश के लिए संरक्षण केन्द्र स्थापित है. यहां प्राकृतिक खेती भी हो रही है.

# नगर निगम ने नजरबाग- सुभाष मार्केट से हटाया अतिक्रमण

**दुकानदारों को सामान अंदर रखने की हिदायत**

**ग्वालियर. नजरबाग और सुभाष मार्केट में पहुंची मदाखलत की टीम ने दुकानदारों को सामान अंदर रखने की हिदायत दी एवं रास्ते खाली करवाए.**

नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई. महाराज बाड़ा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर फुटपाथियों के रखे सामान पैटिया, बक्से, टेबल आदि को हटा कर जप्ती की कार्यवाही की गई. इसके साथ ही समस्त फुटपाथ संचालको को सख्त हिदायत दी गई कि मुख्य मार्गो पर फड़ आदि लगा कर किसी प्रकार का अतिक्रमण न किया जावे अन्यथा मदाखलत विभाग द्वारा सामान जप्त कर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी.



**2026-27 का बजट** भाजपा जिला कार्यालय पर पत्रकारवार्ता का आयोजन

# हर नागरिक के सपनों को सशक्त बनाने वाला बजट

**झाबुआ, 08 फरनवरी. केंद्र सरकार द्वारा विगत दिनों देश के लिए बजट प्रस्तुत किया गया. इसे संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया.**

इसी संदर्भ में बजट में देश के नागरिकों के लिए लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों और निर्णयों की जानकारी देने हेतु 8 फरवरी, रविवार को दोपहर 11 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर महत्वपूर्ण पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया. पत्रकारवार्ता में मध्यप्रदेश शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, भाजपा प्रदेश मंत्री संगीता सोनी एवं क्षेत्रीय सांसद अनिता चौहान ने उपस्थित मीडिया को जानकारी देते हुए वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत बजट को देश के प्रत्येक नागरिक के सपनों का साकार करने वाला, आकांक्षाओं को पूरा करने वाला और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला बजट बताया.




पत्रकारवार्ता का संचालन भाजपा जिला महामंत्री एवं बजट के जिला संयोजक राजेश वसुनिया ने किया और बजट संबंधी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई. केबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने बताया कि केंद्र सरकार ने 2026-27 के बजट में हर वर्ग और तबके का ध्यान रखा है .यह किसानों के विश्वास को मजबूत करने वाला, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निर्णायक तथा मध्यम एवं गरीब वर्ग को सशक्त करने की सोच को आगे बढ़ाने वाला है.

# भाजपा मोर्चा नेता पर जानलेवा हमला कराने का आरोप

**इंदौर. रविवार सुबह सत्ता से जुड़े रसूख की दबंगई एक बार फिर सामने आई, जब भाजपा युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष वेदांत तिवारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया.**

आरोपियों ने न सिर्फ बेरहमी से मारपीट की, बल्कि युवकों की स्कॉर्पियो कार के कांच भी तोड़ डाले. हमले में प्रखर शर्मा और नयन बाफना दोनों निवासी सुदामा नगर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक सुबह कैट रोड स्थित एक कैफे से चाय पीकर लौट रहे थे, तभी वेदांत तिवारी, समीर शर्मा और आदित्य ने उनका पीछा किया और रास्ते में रोककर हमला कर दिया. बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से वर्चस्व को लेकर रंजिश चली आ रही थी. घटना के बाद जब घायल युवक राऊ थाने पहुंचे तो वहां हंगामे की स्थिति बन गई.

आरोप है कि सत्ताधारी दल से जुड़े नेताओं के दबाव में पुलिस ने शुरुआत में एफआईआर दर्ज करने से हाथ खड़े कर लिए. मामला तूल पकड़ने और थाने में हंगामा होने के बाद आखिरकार पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया. सूत्रों का कहना हैं कि यह पहला मौका नहीं है जब इन युवकों को निशाना बनाया गया हो.